# Amar Ujala


Page No. 10 Date. 07th Apr 2019


# लाल क्वार्टर में महिलाओं समेत 378 ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

अमर उजाला ब्यूरो

गाजियाबाद। अमर उजाला फाउंडेशन के तहत शनिवार को लोहिया नगर के लाल क्वार्टर में स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया। इसमें 169 महिलाओं समेत 378 लोगों ने कैंप में जांच कराई। महिलाओं और पुरूषों ने दांतों, आंखों और स्वास्थ्य की जांच कराई।

डेंटिस्ट रितु गुप्ता ने बताया कि अपराजिता और आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से लोहिया नगर स्थित पार्क में कैंप लगाया गया। सुबह नौ बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक यह कैंप लगाया गया है। इसमें सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लगी रही। उन्होंने बताया कि इस दौरान 169 महिलाओं और पुरुषों व बच्चों समेत 378 ने आकर अपने दांतों, आंखों और स्वास्थ्य की जांच कराई। वहीं, इस दौरान काफी संख्या में पुरूष और छोटे बच्चे भी अपने दांतों की जांच कराने पहुंचे। जांच में पाया गया कि अधिकतर लोगों के दांत गंदे हैं। उनके दांतों सफाई की गई।



## ये चिकित्सक रहे मौजूद

डॉक्टर रितु गुप्ता, विक्रम अरोड़ा, प्रियंका चौधरी, संजीव त्यागी (आई स्पेशिलिस्ट), आस्था गर्ग, अदिति राठी, प्रतिभा कृष्णम, नलीमा त्यागी, समीर खान, कुलदीप, तेजेंद्र, उमेश, रहमान मौजूद रहे।

Amar Ujala

Page No : 04 (Gzb) Date: 08th Apr 2019

# दांतों-आंखों की देखभाल के दिए टिप्स, 266 मरीजों की हुई जांच

**अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत आईटीएस डेंटल कॉलेज ने शास्त्रीनगर में लगाया शिविर**






दांतों की जांच के लिए समय नहीं मिलता था। स्वास्थ्य जांच शिविर से निशुल्क जांच व उपचार से राहत मिली। - अलका



स्वास्थ्य जांच शिविर में आंखों की जांच कराने के साथ डॉक्टरों से सही परामर्श मिला। - वेदवती



दिनों से दांतों में तकलीफ थी। शिविर में मुफ्त जांच के साथ दांतों का इलाज संभव हो सकेगा। - रामरती



निशुल्क दांतों के जांच शिविर से कॉलोनी के साथ आसपास के लोगों को बेहद राहत मिली है। - केशकली

अमर उजाला ब्यूरो

गाजियाबाद। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अमर उजाला के अभियान अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर की ओर से शास्त्रीनगर के एफ ब्लॉक मंदिर पार्क में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जहां लोगों की निशुल्क जांच की गई। रविवार सुबह नौ बजे से दोपहर 2.30 बजे तक चले शिविर में 266 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

डेंटल ओपीडी में 128 लोगों के दांतों की जांच की गई। फिजीशियन ओपीडी में 54, आंखों की ओपीडी में 48 और फिजियोथेरेपी ओपीडी में 36 लोगों ने जांच कराई। आईटीएस डेंटल कॉलेज के डॉ. अनुभव शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को जरूरी सलाह दी। दांतों की ओपीडी में 46 मरीजों के दांतों में स्केलिंग की गई, जबकि 12 मरीजों के दांतों में मसाला भरने, 13 मरीजों के दांत निकालने, 11 मरीजों की फ्लोराइड एप्लीकेशन और पांच मरीजों की कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। इनके अलावा 48 मरीजों का डायबिटीज चेकअप, 53 मरीजों का ब्लड प्रेशर जांचा गया।

**चिकित्सकों की टीम में ये रहें शामिल :** स्वास्थ्य जांच शिविर में इंचार्ज डॉ. अनुभव शर्मा के अलावा फिजिशियन डॉ. राजीव, आई स्पेशलिस्ट डॉ. संजीव, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. विकी के अलावा डेंटिस्ट डॉ. मिमांशा, डॉ. प्रभनीत, डॉ. साक्षी, डॉ. नंदिनी ने भाग लिया। वहीं, आशीष, राहुल, कुलदीप और उमेश भी उपस्थित रहे।